केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितय तल, अगस्त्त क्रांति भवन
भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.
******

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2017/249 दिनांक: 21.08.2017
संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2017/00242
CICOM/R/2017/00847

अपीलकर्ता : श्री तेजवीर सिंह,
पुत्र – स्व0 श्री हरप्रसाद सिंह,
ग्राम व पो0 – फिरोजपुर,
जिला – बुलन्दशहर – 203141.

निर्णय की तारीख : 21.08.2017

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 07.07.2017 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 17.07.2017 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री एच.पी.सेन |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 24.07.2017 |
| आयोग में प्रथम अपील का डायरी सं. व तिथि | 153954/03.08.2017 |

1. अपीलकर्ता ने अपने दिनांक 07.07.2017 के आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से फाइल सं. CIC/CC/C/2014/000361-AB से संबंधित सूचनाएं मांगी थी, जिसके प्रतिउत्तर में श्री एच.पी.सेन, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना के विरुद्ध प्रथम अपील दाखिल की है ।

2. संबंधित संचिका का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता के उक्त आर.टी.आई. आवेदन के संदर्भ में श्री एच. पी. सेन, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी एवं उप-पंजीयक, सूचना आयुक्त-डी.पी. कार्यालय द्वारा प्रदान की गई सूचना अस्पष्ट है । अतः श्री एच. पी. सेन, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी एवं उप-पंजीयक, सूचना आयुक्त-डी.पी. कार्यालय को निर्देश दिया जाता है कि इस आदेश की प्राप्ति के दस दिनों के अंदर अपीलकर्ता के उक्त आर.टी.आई. आवेदन से संबंधित स्पष्ट सूचना प्रदान की जाए एवं फाइल सं. **CIC/CC/C/2014/000361-AB के संदर्भ में यदि कोई शो-काउज नोटिस जारी किया गया है तो शो-काउज नोटिस से संबंधित प्राप्त उत्तर के संबंध में भी अपीलकर्ता का अवगत करवाया जाए ।**

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, 'सी' विंग, अगस्त्त क्रांति भवन, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066 में की जा सकती है ।

(आर. के. सिंह)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी

O/C

प्रतिलिपि :
1. श्री ए. के. शर्मा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
2. श्री एच. पी. सेन, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी एवं उप-पंजीयक, सूचना आयुक्त-डी.पी. कार्यालय, के.सू.आ., नई दिल्ली ।

21/08/17

C. I. C./के० सू० आ०
RECEIVED
21 AUG 2017
D. No.
Initials